हिंदी विश्वविद्यालय में दर्जनों विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

वर्धा, 08 अक्टूबर, 2015; महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के समाज कार्य केंद्र द्वारा समता भवन में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया। शिविर में दर्जनों विद्यार्थियों ने रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल कायम की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय के समाज कार्य केंद्र तथा अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने 'रक्तदान महादान' की संकल्पना को साकार किया है, इसके

लिए मैं महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी समाज कार्य केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार कोबधाई देता हूँ, जिनके कुशल मार्गदर्शन में ऐसा कार्यक्रम आयोजित हुआ है। लोग अपने स्वजन के लिए रक्तदान

करते हैं लेकिन यहां के विद्यार्थी नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान कर रहे हैं, मैं बहुत प्रफुल्लित हूँ, ऐसे शिविर से विश्वविद्यालय के और भी दूसरे भी विद्यार्थी अभिप्रेरित होंगे। केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि समाजकार्य के विद्यार्थी बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्यों में हिस्सेदारी कर रहे हैं। रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को मैं दिल से बधाई देता हूँ तथा कामना करता हूँ कि वे समाज के प्रति अपने संवेदनशीलता एवं दायित्वबोध को विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 'उन्नत भारत अभियान' के विस्तारित कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

रक्त दानकर्ताओं को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र तथा जिला रुग्णालय के चिकित्सक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के समाज कार्य केंद्र द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में जिला सामान्य रुग्णालय, वर्धा और सोशल सिस्टम ऑफ लाइवलीहुड ने सहयोग किया। रक्तदान शिविर के दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, सहायक प्रो.डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. शिव सिंह बघेल, सचिन नाखले, दिलीप वाकडे सहित बड़ी संख्या में कर्मी शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर में 28 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। रक्त दान करने वालों में राकेश कुमार, वरुण कुमार, आदिल खान, केते उत्तम, अनुपम, रोशन, मनीष, पंकज, शिव पटेल, मिथिलेश, प्रकाश आदि थे। इस शिविर में लड़कियों (ऋषिता दीवान, किरण कुमारी एवं बबीता कुमारी आदि) ने भी रक्तदान किया।

फोटो कैप्शन 3554 : रक्तदान करते हुए विद्यार्थीगण

फोटो कैप्शन 3554 : रक्तदान का प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र व अन्य महानुभाव।